# 11 राजस्थान में कृषि

1. मादक पदार्थ किस जिले में सर्वाधिक उत्पादित होते है?
(1) जालौर (2) अलवर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) बाँसवाड़ा (1)

2. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि जलवायु खण्ड कौन–सा है ?
(1) आर्द्र दक्षिणी मैदानी खण्ड
(2) अतिशुष्क एवं आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी क्षेत्र
(3) बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदानी खण्ड
(4) सिंचित उत्तर–पश्चिमी मैदानी खण्ड (2)

**व्याख्या–** अतिशुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र– IC (Hyper Arid Partial Irrigated Western Plains) का कुल क्षेत्रफल 77.0 लाख हैक्टेयर है, यह क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा जलवायु प्रदेश है। इस क्षेत्र का कृषि अनुसंधान केन्द्र बीछवाल (बीकानेर) में है।

3. मोटे अनाजों में रानी की संज्ञा दी गई है?
(1) ज्वार (2) बाजरा
(3) मक्का (4) मोठ (3)

**व्याख्या–** मक्का अमेरिकी पौधा है। यह एक खाद्य तथा चारा फसल है। भारत में मक्का का पौधा 17वीं शताब्दी के मध्य अमेरिका से लाया गया था। मक्का को अनाजों की रानी कहा जाता है।

4. निम्न में से सोयाबीन उत्पादन में अग्रणी जिला कौन सा है?
(1) कोटा (2) बारां
(3) बाँसवाड़ा (4) झालावाड़ (1)

**व्याख्या–** राजस्थान कृषि विभाग जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2020–21 में राजस्थान में सोयाबीन उत्पादन में प्रथम स्थान कोटा (254313 MT) का तथा द्वितीय स्थान बारां (246328 MT) का रहा।

5. राजस्थान में अफीम के उत्पादन में प्रथम स्थान पर कौन सा जिला है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) भीलवाड़ा (4) चित्तौड़गढ़ (4)

**व्याख्या–** राजस्थान कृषि विभाग जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2020–21 में राजस्थान में अफीम उत्पादन में प्रथम स्थान चित्तौड़गढ़ (1136 MT) का तथा द्वितीय स्थान प्रतापगढ़ (886 MT) का रहा।

6. राजस्थान की प्रमुख नकदी फसल है ?
(1) गेहूँ (2) गन्ना
(3) कपास (4) चावल (3)

**व्याख्या–** ऐसी फसलें जो खाद्यान्न, दलहन व तिलहन की श्रेणी में नहीं आती हों और उसको उगाने का मकसद नगद रुपए प्राप्त करना हो, उन्हें नगदी या वाणिज्यिक फसलें कहा जाता है। ग्वार, कपास, गन्ना, तम्बाकू, ईसबगोल, जोजोबा, जैतून व अफीम आदि प्रमुख नगदी फसलें हैं।

7. राज्य में कृषि से संबंधित जानकारी देने वाला पहला कृषि रेडियो स्टेशन किस जिले में स्थापित किया गया?
(1) जोधपुर (2) भीलवाड़ा
(3) टोंक (4) कोटा (2)

8. राज्य में खजूर अनुसंधान केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) जैसलमेर (2)

9. किस फसल को 'सफेद सोना' कहा जाता है?
(1) दूध (2) कपास
(3) होहोबा (4) चवंला (2)

10. राजस्थान में अफीम मुक्ति आन्दोलन के प्रणेता है –
(1) कन्हैयालाल सेठिया
(2) जयनारायण व्यास
(3) हीरालाल विश्नोई
(4) नारायण सिंह माणकलाव (4)

**व्याख्या–** इनका जन्म 17 सितम्बर 1942 को जोधपुर के माणकलाव गाँव में हुआ। इन्होंने 1977 में माणकलाव का सरपंच चुने जाने के बाद अफीम सेवन करने वाले लोगों को अफीम से मुक्ति दिलाने के लिए 'अफीम मुक्ति शिविरों' का आयोजन किया। इन्हें 1986 में पद्मश्री सम्मान दिया गया।

11. निम्न बागवानी फसलों के सर्वाधिक उत्पादन वाले जिलों को सुमेलित कीजिए–
1. आँवला I. चुरू
2. अमरूद II. गंगानगर
3. ऐलोवेरा III. जयपुर
4. किन्नू IV. सवाईमाधोपुर

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | III | I | IV | II |

(1)

12. राजस्थान निम्न में से किन फसलों के उत्पादन में देश में अव्वल है?
(1) गेहूँ, बाजरा, जीरा, गन्ना
(2) जीरा, मैथी, धनिया, ईसबगोल
(3) अलसी, तारामीरा, चना, कपास
(4) ग्वार, मोठ, बाजरा, सरसों (4)

13. टिक्का रोग किस फसल का है?
(1) सरसों (2) ग्वार
(3) बाजरा (4) मूंगफली (4)

14. राज.1482 व राज.3077 किस फसल की किस्में है?
(1) गेहूँ (2) बाजरा
(3) मक्का (4) गन्ना (1)

**व्याख्या–** इनके अलावा सोना कल्याण, मैक्सिकन सोना, शरबती, सोनालिका, कोहिनूर, राज. 3765, दुर्गापुरा 65 आदि गेहूँ की प्रमुख किस्में हैं।

15. बाजरे से बना चारा कहलाता है?
(1) फूस (2) कड़बी
(3) पाला (4) साइलेज (2)

16. राजस्थान के कृषि विभाग का मासिक अखबार है?
(1) खेत खलिहान (2) खेती री बातां
(3) कृषि दर्शन (4) खेती बाड़ी (2)

**व्याख्या–** ध्यान रहे कि आकाशवाणी केन्द्रों से प्रतिदिन शाम को 7.30 से 8.00 बजे तक प्रसारित होने वाले कृषि कार्यक्रम का नाम भी 'खेती री बातां' है।

17. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में वर्तमान में केन्द्र व राज्य का वित्त पोषण पैटर्न है?
(1) 60:40 (2) 75:25
(3) 50:50 (4) 85:15 (1)

18. केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर द्वारा विकसित 'गोमा खट्टा' किसकी किस्म है?
(1) आंवला (2) काचरी
(3) टमाटर (4) अनार (4)

19. राजस्थान में अजवायन मंडी स्थित है?
(1) निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) (2) कपासन (चित्तौड़गढ़)
(3) मावली (राजसमंद) (4) देसूरी (पाली) (2)

20. राजस्थान के सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादक जिलों का सही युग्म है–
(1) भीलवाड़ा–अजमेर (2) कोटा–बूँदी
(3) अलवर–भरतपुर (4) कोटा–बारां (4)

21. राजस्थान के किस जिले में मौसमी, माल्टा व किन्नू का अधिकतम उत्पादन होता है–
(1) बीकानेर (2) हनुमानगढ़
(3) सिरोही (4) गंगानगर (4)

22. राजस्थान में सर्वाधिक कृषि मंडियाँ किस जिले में स्थित हैं–
(1) कोटा (2) बीकानेर
(3) हनुमानगढ़ (4) गंगानगर (4)

23. देश की पहली जैतून तेल रिफाइनरी कहाँ पर स्थापित की गई है–
(1) सांगानेर (जयपुर) (2) लूणकरनसर (बीकानेर)
(3) मथानिया (जोधपुर) (4) रींगस (सीकर) (2)

24. CAZRI की स्थापना किसके सहयोग से की गई थी–
(1) कनाड़ा व यूनेस्को (2) अमेरिका
(3) ऑस्ट्रेलिया व यूनेस्को (4) जापान (3)

25. राजस्थान के निम्नलिखित कृषि तथ्यों पर विचार कर गलत तथ्य की पहचान करें–
(1) कपास का सर्वाधिक उत्पादन हनुमानगढ़ व गंगानगर में होता है।
(2) बाजरे के उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है।
(3) परम्परागत रूप से राज्य गेहूँ खरीफ की फसल है।
(4) राज्य की कृषि मानसून पर निर्भर करती है। (3)

26. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान में दूसरा सबसे बड़ा कृषि जलवायु खण्ड कौन सा है–
(1) आर्द्र दक्षिण– पूर्वी मैदान (2) शुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र
(3) सिंचित उत्तर पश्चिमी मैदान (4) अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदान (2)

27. राजस्थान में सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ पर स्थापित किया गया है–
(1) चित्तौड़गढ़ (2) राजसमंद
(3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर (1)

28. राजस्थान में ड्रेगन फ्रुट उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ पर स्थापित किया गया है–
(1) चौमू (जयपुर) (2) अचरोल (जयपुर)
(3) ढ़िंढोल (जयपुर) (4) सांगानेर (जयपुर) (3)

29. भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अनुसार राजस्थान देश में रेपसीड़ व सरसों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। वर्ष 2020–21 के अनुसार इसमें राज्य का योगदान कितना प्रतिशत है–
(1) 22.44 प्रतिशत (2) 46.28 प्रतिशत
(3) 64.58 प्रतिशत (4) 57.50 प्रतिशत (2)

30. राजस्थान में लाल मिर्च उत्पादन में प्रथम स्थान वाला जिला है–
(1) सवाईमाधोपुर (2) जोधपुर
(3) नागौर (4) टोंक (1)

31. राजस्थान में संतरा उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ पर स्थापित किया गया है–
(1) छत्रपुरा (बूँदी) (2) मलिकपुर (भरतपुर)
(3) भवानी मंडी (झालावाड़) (4) नांता (कोटा) (4)

32. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यट्रिसीरियल योजना) के बारे में असत्य कथन है?
(1) यह केन्द्र प्रवर्तित योजना है।
(2) इसे 2015–16 में प्रारम्भ किया गया है।
(3) राजस्थान में ज्वार फसल के लिए 10 जिलों को शामिल किया गया है।
(4) राजस्थान में बाजरा फसल के लिए 21 जिलों को शामिल किया गया है। (2)

**व्याख्या–** यह योजना 2018–19 में प्रारम्भ हुई थी।

33. निम्न में से कौनसा 'राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन' का उपमिशन नहीं है–
(1) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना
(2) शहरी सब्जी प्रोत्साहन योजना
(3) परम्परागत कृषि विकास योजना
(4) कृषि वानिकी पर उपमिशन (2)

34. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में असत्य कथन है?
(1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे सूरतगढ़ से प्रारम्भ किया।
(2) इसे 19 फरवरी 2016 से प्रारम्भ किया गया है।
(3) इसमें केन्द्र व राज्य का 75:25 अनुपात है।
(4) इसका ध्येय वाक्य 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' है। (2)

**व्याख्या–** यह योजना 19 फरवरी 2015 को सूरतगढ़ से प्रारम्भ की गई थी।

35. भारत में हरित क्रांति का जनक माना जाता है–
(1) नॉर्मन बोरलॉग (2) वर्गीज कुरियन
(3) एम.एस.स्वामीनाथन (4) लाल बहादुर शास्त्री (3)

**व्याख्या–** भारत में हरित क्रांति का प्रारम्भ पंजाब, हरियाणा व उत्तरप्रदेश से हुआ, यहाँ गेहूँ की खेती में उन्नत बीजों का प्रयोग प्रारम्भ किया गया।

36. बजट घोषणा 2020–21 में राजस्थान में किस स्थान पर मेगा फूड पार्क खोला जाना प्रस्तावित किया है–
(1) खैरथल (अलवर) (2) सूरतगढ़ (गंगानगर)
(3) मथानिया (जोधपुर) (4) फतेहपुर (सीकर) (3)

37. राजस्थान में निजी क्षेत्र की प्रथम कृषि मंडी कहाँ पर स्थापित की गई है–
(1) चौमू (2) मंडोर
(3) कैथून (4) पदमपुर (3)


38. राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक गुलाब उत्पादन होता है–
(1) राजसमंद (2) अजमेर
(3) उदयपुर (4) गंगानगर (2)


39. राजस्थान के संदर्भ में निम्न में से असुमेलित युग्म है–
(1) न्यूनतम व्यर्थ व बंजर भूमि वाला जिला– भरतपुर
(2) सर्वाधिक व्यर्थ व बंजर भूमि वाला जिला– जैसलमेर
(3) सर्वाधिक पड़त/परती भूमि वाला जिला– जोधपुर
(4) सर्वाधिक लवणीय भूमि वाला जिला– पाली (1)

40. राजस्थान राज्य डेयरी फेडरेशन का सीड मल्टीप्लीकेशन फॉर्म कहाँ पर स्थापित किया गया है–
(1) मंडोर (जोधपुर) (2) रोजड़ी (बीकानेर)
(3) रतनगढ़ (चुरू) (4) खेतड़ी (झुंझुनूं) (2)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**